तापमान

अधिकतम 47 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025



10 पतंजलि का योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कल से





10 भूमि आश्रम में स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. सपना ने...




## खबर संक्षेप

### शांति निकेतन स्कूल के कैडेट्स ने दिखाया दम

**आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के 22 एनसीसी कैडेट्स ने रावलवास स्थित द रायल सैनिक विद्यापीठ में आयोजित श्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार और ग्रुप हेड क्वार्टर रोहतक के दिशा निर्देशन में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम किए। स्कूल के एएनओ मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान कैडेट मनीषा ने खो-खो, होस्ट और ड्रिल में गोल्ड मेडल, महिमा व साक्षी ने खो-खो में गोल्ड, रिद्धि और दिया ने खो-खो में सिल्वर, प्रिंस और देव ने खो-खो में सिल्वर, अनीशा ने टग आफ वार और ड्रिल में गोल्ड, तनीषा ने टग आफ वार में सिल्वर व निशा ने ड्रिल में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने कैडेट्स को बधाई दी।

### प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणशाला संपन्न

**आदमपुर।** खंड शिक्षा कार्यालय में चल रही पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में बीईओ ईश्वर सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर बीईओ ईश्वर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक अपने प्राप्त किए गए प्रशिक्षण को दिन-प्रतिदिन शिक्षण काल में अपनाएं ताकि उनके इस अनुभव से लाभान्वित होकर विद्यार्थी अपने जीवन की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आगे चलकर जुलाई माह में प्रिंटरिच कक्षा-कक्ष प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जाएगी जिसमें सभी अध्यापकों को आवश्यक रूप से भाग लेना होगा।

### सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा आरोपी काबू

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को 30,600 के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्णा नगर कालोनी निवासी मोनू के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि अनाज के समीप एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए द्वारा एक टीम का गठन किया गया। और टीम ने मौके पर पहुंच मोनू को 30,600 रुपए सहित गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### अनेक राजनीतिक दलों व संगठनों ने छात्रों को दिया समर्थन

# हकृवि विवाद : प्रशासन से बेनतीजा रही बातचीत, आज फिर बैठेंगे दोनों पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन व विद्यार्थियों के बीच उपजा तनाव कम नहीं हो रहा है। विद्यार्थियों का धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत विद्यार्थियों को राजनीतिक, सामाजिक, कर्मचारी समेत अन्य संगठनों ने समर्थन किया। धरने की शुरुआत अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। विद्यार्थियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। देर रात तक आंदोलनकारी विद्यार्थियों की जिला प्रशासन व हकृवि प्रशासन से बातचीत हुई। जिला प्रशासन से उनकी बातचीत बेनतीजा रही वहीं हकृवि प्रशासन के साथ देर रात तक बातचीत जारी रही। आंदोलनरत विद्यार्थियों व जिला प्रशासन के बीच शुक्रवार देर रात तक बैठक चली लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। बताया जा रहा है कि विद्यार्थियों की तरफ से पूरी कमेटी न पहुंचने के कारण बैठक में नतीजा नहीं निकल पाया। ऐसे में शनिवार दोपहर को फिर से बैठक तय की गई। अब देखना है कि शनिवार की बैठक में प्रशासन व आंदोलनकारियों के बीच क्या नतीजा निकलता है।

**असंवेदनशील कुलपति को तुरंत बर्खास्त करें सरकार: लोहान।** हकृवि में विद्यार्थियों पर किए गए लाठीचार्ज के खिलाफ व अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे विवि विद्यार्थियों को आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर लोहान ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी मांगों को लेकर उनको एक ज्ञापन भी दिया जो राज्यपाल को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कुलपति को बर्खास्त करने की मांग की है क्योंकि वह असंवेदनशील है।

धरने पर बैठे विद्यार्थियों प्रमुख मांगों में हकृवि रजिस्ट्रार, सीएसओ व प्रोफेसर को गिरफ्तार करना, स्कॉलरशिप कटौती को लेकर किए गए नियम में बदलाव कर वापस पुरानी स्कॉलरशिप नीति लागू करना, जिस दर से विद्यार्थियों को फीस बढ़ाई गई उसी दर से स्कॉलरशिप बढ़ाना, प्रदर्शन में शामिल किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई न करना आदि शामिल है। स्कॉलरशिप में कटौती के विरोध में आंदोलनरत छात्रों पर कर दिया लाठियों से हमला।



हिसार। अहमदाबाद विमान हादसे पर मौन धारण करते आंदोलनरत विद्यार्थी।



हिसार। अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना देते विद्यार्थी व समर्थन देने पहुंचे विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

#### हकृवि के पूर्व छात्र भी पहुंचे समर्थन देने

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष फूल सिंह श्योकंद, वीरेंद्र सिंह मलिक, ओमप्रकाश सिहाग और उनके साथ पूर्व छात्र नेता डॉ. बलजीत सिंह, रामफल कटारिया और महेंद्र सिंह सांगवान पहुंचे। सभी नेताओं ने विद्यार्थियों पर सुरक्षा कर्मियों और एक प्रोफेसर द्वारा जिस प्रकार से लाठी बरसाई उसकी कड़े शब्दों निंदा की।

#### जयहिंद ने छात्रों को सोटा भेंट किया

धरने को समर्थन देने पहुंचे नवीन जयहिंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अपील करते हुए कहा कि वे इन छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द मान ले, अगर वे ऐसा नहीं करते है तो मैं इन छात्रों के साथ आपके चंडीगढ़ स्थित आवास पर पहुंचूंगा। जयहिन्द ने बताया कि जो भी छात्र अपनी हक की आवाज उठते है उन पर इस तरह से हमला करने का क्या मतलब है। जिस तरह से छात्रों के सिरों के लाठियां मारी गई है वह बिल्कुल गलत है।

ये है विद्यार्थियों की मांग

#### रजिस्ट्रार ने जाना घायल छात्रों का हालचाल

हकृवि रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सिविल अस्पताल पहुंचकर हाल ही में छात्र आंदोलन में घायल हुए विद्यार्थियों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। रजिस्ट्रार ने छात्रों को बताया कि कुलपति उनके स्वास्थ्य को लेकर अत्यंत चिंतित हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इससे पूर्व भी डायरेक्टर रिसर्च, डीन कॉलेज ऑफ, डीन पीजीएस, ओएसडी, डीन बेसिक साइंस , डिजर्क्टर एक्सटेंशन एजुकेशन एडीआर; एसवीसी, मीडिया एडवाइजर और कक्षा अध्यापकों ने भी अस्पताल जाकर छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही, उन्होंने छात्रों को वार्ता के लिए आमंत्रित भी किया।

#### एक-एक लाठी का हिसाब लिया जाएगा : दिग्विजय

लाठीचार्ज के विरोध में धरने पर बैठे विद्यार्थियों को जननायक जनता पार्टी ने समर्थन दिया है। शुक्रवार को जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला एचएयू गेट पर धरना दे रहे छात्रों से मिलने पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह से उनके साथ खड़े है। दिग्विजय ने कहा कि अपना हक मांग रहे छात्रों पर लाठियां बरसाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो और विद्यार्थियों की सभी मांगों का तुरंत समाधान हो। दिग्विजय चौटाला ने एचएयू प्रशासन को चेताते हुए कहा कि वीसी साहब, ये यूनिवर्सिटी आपकी बापोती नहीं है। छात्रों पर बरसाई गई एक-एक लाठी का हिसाब लिया जाएगा।

## पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते बदला मौसम

- बरवाला व उकलाना क्षेत्र के कई गांवों में हल्की बारिश
- मौसम में ठंडक घुल गई और आमजन को भीषण गर्मी से राहत मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शुक्रवार की दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद हिसार व आसपास के क्षेत्रों में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगी। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई और कई क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि भी देखने को मिली। इससे मौसम में ठंडक घुल गई और आमजन को भीषण गर्मी से राहत मिली। हिसार का पारा लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था। बताया जाता है कि जिले के गांव किराड़ा तथा सरसौद में हल्के ओले गिरे हैं। हालांकि ओलों से फसलों में किस तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। उधर, हकृवि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार राज्य में 18 जून तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से बीच बीच में हवाओं में बदलाव तथा आंशिक बादलवाई आने तथा धूलभरी हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान 15 जून रात्रि व 16 जून को कुछ एक स्थानों पर गरज चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। परंतु राज्य में 19 जून से प्री मानसूनी हवाओं के आने की संभावना से मौसम में फिर से बदलाव आने की संभावना बन रही है जिस से वातावरण में नमी बढ़ने तथा तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

## गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

- परीक्षा परिणाम घोषणा की जानकारी प्रो . यशपाल सिंगला ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी-031 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमटेक ईसीई-151 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमए इकोनोमिक्स कोर्स कोड-239 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024, एमए हिंदी कोर्स कोड-241 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024, एमए पोलिटिकल साइंस कोर्स कोड-242 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## डॉग स्क्वायड टीम ने चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने नशा तस्करों को पकड़ने के लिए गांव उगालन व पुठ्ठी में डॉग स्क्वायड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च अभियान चलाया लेकिन कोई कामयाबी हासिल नहीं हुई।

एंटी नारकोटिक्श सेल हांसी पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित गांव उगालन व पुठ्ठी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला ना रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो, उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की। इस दौरान मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तु का कोई मामला सामने नहीं आया।



नारनौंद : गांव उगालन में पुलिस डॉग स्क्वायड टीम सहित जांच करती हुई।

## स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ की ठगी के मामले में आरोपी राजकोट से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार साइबर थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट के ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ की ठगी मामले में पांचवे आरोपी गुजरात के राजकोट जिले के रामघन निवासी साहिल सोरथिया को राजकोट से गिरफ्तार किया गया है।

मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक रघुबीर ने बताया कि उपरोक्त आरोपी स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर हुई दो करोड़ रुपये की धोखाघड़ी में शामिल था। ठगी की राशि ट्रांसफर करवाने के लिए आरोपी ने अपना बैंक अकाउंट कमीशन पर बेच रखा था। आरोपी साहिल सोरथिया को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसी अभियोग में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच अधिकारी के अनुसार इस संबंध में 14 नवंबर को हिसार साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ रुपये की ठगी के बारे में शिकायत प्राप्त हुई। इसमें हिसार निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने गूगल पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा जिस पर क्लिक करते ही मेटागोट्रेड की वेबसाइट ओपन हुई और उसे सिल्वर मेंबरशिप व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें चार व्यक्ति और जुड़े हुए थे। ग्रुप एडमिन ने मिलकर शिकायतकर्ता से बारी बारी ट्रेडिंग करवाई। शिकायतकर्ता ने 8 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक ग्रुप एडमिन के कहने पर अलग अलग बैंक खातों में ट्रेडिंग के लिए दो करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद शिकायकर्ता के ट्रेडिंग वेबसाइट अकाउंट में 9 लाख 74 हजार 872 डॉलर बैलेंस दिखाने लगा। शिकायतकर्ता द्वारा पैसे विड्रॉल करने के नाम पर राशि के 10 प्रतिशत एडवांस की मांग की गई। इस पर शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ।



### मैरिज पैलेस से सामान चुराने में महिला गिरफ्तार

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने आर्यनगर स्थित मैरिज पैलेस से सामान चोरी के मामले में चौथी महिला आरोपी महावीर कॉलोनी निवासी अनीता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 12 हजार रुपये बरामद किए है।

मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस संबंध में आर्यनगर निवासी पवन दहिया ने उसके गोल्डन गेट पैलेस से सामान चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 15—16 अप्रैल की रात में उसके मैरेज पैलेस से किसी अज्ञात ने दो से तीन लाख रुपये की कीमत के हलवाई के बर्तन का सेट चोरी किया है। जांच अधिकारी के अनुसार पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त महिला अनीता ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गोल्डन गेट मैरिज पैलेस से हलवाई के बर्तन सेट चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपी महिला आरोपी से 12 हजार रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त महिला को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



नारनौंद। गांव थुराना के जलघर में चोरी करने वाली चारों महिलाएं पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### लोहे का सरिया चोरी मामले में चार महिला काबू

नारनौंद पुलिस ने गांव थुराना के निर्माणाधीन जलघर में से लोहा चोरी करने के आरोप में चार महिलाओं को पकड़ा है। आरोपितों की पहचान सुलचानी निवासी मीना, सलोचना, सीमा व मीना निवासी खांडा खेड़ी के रूप में हुई हैं। पुलिस के अनुसार चारों महिलाओं ने 11 जून को गांव थुराना के निर्माणाधीन जलघर में से लोहे का सरिया चोरी कर लिया था। वहां पर काम कर रहे गांव सामण निवासी सुनील ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों महिला आरोपितों को गांव से ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिलाओं से चोरी किया हुआ लोहे का सरिया भी बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने चारों महिला आरोपितों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया है।

### मतदाता सूचियों में किसी प्रकार की न रहे त्रुटि : एडीसी

**हिसार।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वीसी उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जल्द ही मतदाता सूचियों का पुनर्निरीक्षण किया जाना है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता सूचियों में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। इसके लिए शीघ्र ही निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी बीएलओ को भारतीय निर्वाचन आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स को नियमित रूप से फॉलो करने के निर्देश भी दिए।

## अवैध वसूली मामले में काबू जितेन्द्र श्योराण फिर दो दिन के रिमांड पर

- शहर के एक होटल व्यवसायी से 8 लाख की अवैध वसूली के मामले में में किया था गिरफ्तार
- इस संबंध में अर्बन एस्टेट पुलिस ने जितेन्द्र श्योराण व प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ केस दर्ज किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने शहर के एक होटल व्यवसायी से 8 लाख की अवैध वसूली के मामले में पकड़े गए हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण को फिर से दो दिन के रिमांड पर भेज दिया है। उनके साथ पकड़े गए डीलर राजबीर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने दो दिन के रिमांड के बाद दोनों को अदालत में पेश किया था। सीआईए टीम ने एक होटल व्यवसायी से 8 लाख रुपये अवैध वसूली करने के मामले में जितेन्द्र श्योराण व प्रॉपर्टी डीलर राजबीर को मंगलवार रात काबू किया था। बताया जा रहा है कि इससे पहले मिले दो दिन के रिमांड के दौरान पुलिस को पता चला है कि तोशाम रोड स्थित एक कॉलोनी के मसले को लेकर कोई व्यक्ति चार लाख रुपये की अवैध वसूली कर चुका है। पुलिस आरोपी जितेन्द्र से यह पूछताछ कर रही है कि कहीं वह वसूली उसने तो नहीं की थी। इस संबंध में अर्बन एस्टेट पुलिस ने जितेन्द्र श्योराण व प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ केस दर्ज किया था।



### सेक्टर-14 मकान से नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**हिसार।** शहर के सेक्टर-14 निवासी ट्रांसपोर्टर सुरेन्द्र कुमार के मकान के ताले तोडक़र अज्ञात चोर लाखों के आभूषण, सामान और नकदी चुरा ले गए। सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। गत दिवस बेटी यशिका और अपना खुद का आंखों का उपचार करवाने के लिए परिवार सहित दिल्ली के एक अस्पताल में गया था। शुक्रवार को अपने मकान पर लौटा तो देखा कि मकान के गेट का ताला टूटा हुआ था। हमने अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। सामान चैक करने पर 25 हजार रुपए, घड़ी, कैमरा और सोने-चांदी के लाखों रुपए के जेवर गायब मिले। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### 301 पेटी व 8 बोतल अवैध शराब के साथ पुलिस ने गाड़ियां कब्जे में ली

## अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब सहित 5 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला भर में नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर लगाम लगाते हुए हांसी पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर 301 पेटी व 8 बोतल अवैध शराब सहित पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार सीआईए स्टाफ पुलिस गश्त पड़ताल दौरान नजदीक संत शिरोमणी रविदास मंदिर के पास एक पिकअप गाड़ी को शक के आधार पर रुकवाकर चैक किया तो गाड़ी के अन्दर से अवैध देसी शराब की 40 पेटी व अंग्रेजी शराब की 8 बोतल बरामद हुई। इस संदर्भ में गाड़ी चालक शिव कालोनी निवासी नरेन्द्र से गाड़ी में लोड की गई शराब का बिल व परमिट दिखाने के लिए कहा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और ना ही शराब से संबंधित बिल या परमिट पेश कर सका। अवैध शराब व गाड़ी को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना शहर हांसी में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित किया गया। वहीं स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सूचना मिली थी कि एक गाड़ी सवार व्यक्ति महेन्दा से गढ़ी गांव की तरफ अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार स्पेशल स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए महेन्दा गांव के बस स्टैंड के नजदीक नाकाबंदी कर प्राप्त सूचना अनुसार पिकअप गाड़ी को रुकवाकर चैक किया तो गाड़ी के अन्दर से देसी शराब की 185 पेटी बरामद हुई। गाड़ी में बरामद शराब के बारे में जब गाड़ी चालक जींद जिले के गांव बराड़ निवासी प्रवीन से पूछा गया तो वह न तो कोई संतोषजनक जवाब दे पाया और ना ही कोई बिल या परमिट पेश कर सका। इसी प्रकार पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा ने गश्त पड़ताल दौरान गांव सन्दलाना में संदलाना निवासी प्रदीप को गाड़ी सहित व्यक्ति को 12 पेटी बीयर व अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया गया है। थाना बास पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर गांव धर्म खेड़ी में नहर के नजदीक प्लाट से 20 पेटी देशी शराब सहित चानौत निवासी धर्मबीर को गिरफ्तार कर थाना बास में मामला दर्ज किया।



हांसी। अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।


#### गाड़ी में मिली बियर व देशी शराब

पुलिस चौकी सोरखी ने नजदीक बाला जी होटल के पास नाकाबंदी कर एक पिकअप कंटेनर को रुकवाकर चैक किया तो 44 पेटी बीयर व देशी शराब बरामद हुई। शराब के साथ पकड़े गए बडछप्पर निवासी अंकित से गाड़ी में लोड शराब का बिल व परमिट दिखाने के लिए कहा तो वह पुलिस के समक्ष कोई बिल या परमिट पेश नही कर सका। अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को गाड़ी व अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना बास में मामला दर्ज किया गया है।

समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।

उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषत: बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

**खबर संक्षेप**



## पौधों की देखभाल करने का भी लिया संकल्प

**हिसार।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता दलाल, सुरेश कुमार, हरीश चंद्र, सविता, गुलशन, जिनेश एवं जितेंद्र ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

## काजल बने जेजेपी के कार्यकारिणी सदस्य

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के वरिष्ठ नेता राजमल काजल को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। राजमल काजल ने अपनी नियुक्ति को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला का आभार व्यक्त किया है।

## फास्ट ट्रैक पर सेमिनार आज गुजवि में होगा

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 14 जून को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए जाने वाले सेमिनार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण का प्रारूप और फास्ट ट्रैक विलय पर आधारित यह सेमिनार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा।

## हारट्रोन स्किल सेंटर में लगाया दंत जांच कैंप

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने बस स्टैंड व नागोरी गेट के मध्य स्थित हारट्रोन स्किल सेंटर में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. मुदिता और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी तथा वहां कर्मचारियों और विद्यार्थियों के दांतों का एआई रोबोट मशीन से परीक्षण किया।

### मेयर ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

# सभी सीवरेज व मेनहोल की सफाई करने के दिए आदेश

**बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड से जुड़ी सीवरेज समस्याएं गिनवाईं**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर की सीवरेज व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें निगमायुक्त नीरज भी उपस्थित रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने बरसात से पहले सभी सीवरेज एवं सीवरेज मेनहोल की सफाई करने के आदेश दिए।

इससे पूर्व बैठक में पार्षदों ने सीवरेज से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याएं रखी। मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान के लिए निर्देश दिए। मेयर प्रवीण पोपली ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वार्ड वाइज शेडयूल बनाकर जेटिंग मशीन व सेक्शन मशीन के द्वारा सीवरेज के मेनहॉल की सफाई करवाने के निर्देश दिए।




**हिसार।** अधिकारियों व पार्षदों के साथ बैठक करते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो: हरिभूमि*

### अब तक 23 किलोमीटर बड़ी लाइन की सफाई

बैठक में अधिकारियों ने मेयर प्रवीण पोपली को बताया कि शहर की मुख्य बड़ी सीवरेज लाइन 40 किलोमीटर की है, जिसमें से अब तक 23 किलोमीटर लाइन की सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। इस पर मेयर ने शेष कार्य जल्द से जल्द से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गली, मोहल्लों, कॉलोनियों की लगभग 450 किलोमीटर की सीवरेज की लाइन पूरे शहर में है। इसके लिए मेयर प्रवीण पोपली कहा कि सबसे पहले उस लाइन की सफाई करे जहां पर समस्या अधिक हो। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि सीवरेज की सफाई को लेकर मास्टर प्लान तैयार करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

### अमृत के कार्य के बाद सड़क निर्माण करेंगे

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा ब्लॉक व सीसी की सड़क निर्माण के कार्य होने है। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिन वार्डों में अमृत 2 के तहत कार्य वो नगर निगम को अवगत करवाए ताकि अमृत के कार्य के बाद सड़क का निर्माण किया जा सके।

### वार्ड 19 के एक हजार मेनहॉल की रिपेयरिंग का टेंडर लगाया

*अधिकारियों ने बताया कि वार्ड 19 के लिए एक हजार मेनहॉल के रिपेयरिंग एवं सफाई का टेंडर लगाया गया है, इसका कार्य जल्द शुरू करवा दिया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि मिलगेट क्षेत्र में सीवरेज समस्या से निजात दिलाने के लिए जिन्दल पार्क, 12 क्वार्टर रोड़ श्मशान भूमि में डिस्पोजल बनाए जाएंगे। इन दोनों डिस्पोजल बनने के बाद इस क्षेत्र की सीवरेज समस्या से निजात मिल जाएगी।*

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद मनोहर लाल, रवि सैनी जमालपुरिया, राजेश अरोड़ा, सत्यवान पानू, मोहित सिंघल, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार सिंह रेड्डू, एक्सईएन शशिकांत, एसडीओ जसबीर, एसडीओ संजय दूहन और पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, विजेन्द्र शर्मा, अंकुर यादव मौजूद रहे।

# सुभाष प्रधान व सुरेंद्र उपप्रधान बने

- श्मशान भूमि सुधार समिति के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न
- श्मशान भूमि सुधार समिति की देखरेख में मोक्ष परम धाम और भव्य मंदिर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



सुभाष सैनी, प्रधान



सुरेंद्र लाहौरिया उपप्रधान

श्मशान भूमि सुधार समिति के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस चुनाव में सर्वसम्मति से सुभाष सैनी को प्रधान, सुरेंद्र लाहौरिया को उपप्रधान, राकेश अग्रवाल को सचिव, लक्ष्मी नारायण घोलू गुज्जर को सह सचिव एवं नरेंद्र गांधी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

ऋषि नगर स्थित श्मशान भूमि सुधार समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऋषि नगर के श्मशान घाट को नगर निगम द्वारा देश का सर्वश्रेष्ठ मोक्ष परम धाम बनाया जा रहा है। इसके साथ ही जिलावासियों के आपसी सहयोग से 5 करोड़ का भव्य मंदिर भी यहां बनाया जाएगा। ये सभी विकास कार्य समिति की देखरेख किए जाएंगे।

अनेक सेवा प्रकल्प चलाने की भी योजना है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बताया कि मोक्ष परम धाम में देश का पहला अत्याधुनिक व पर्यावरण हितैषी दाहगृह बनाया जाएगा। मोक्षदा हरित शवदाह प्रणाली, गोकाष्ठ-गोवंश के गोबर व हवन सामग्री युक्त ठोस लकड़ी, सीएनजी/पीएनजी तकनीक पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि वनों की कटाई, ग्लोबल वार्मिंग, जल व वायु प्रदूषण को रोकने में विशेष सहयोग देना मोक्ष परम धाम का उद्देश्य है। इसके साथ ही मृत्यु संबंधित धार्मिक संस्कारों को निभाते हुए आधुनिकता का समावेश किया जाए। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने व पराली के समाधान हेतु विशेष कार्य किए जाएं एवं स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जाए।

# पुलिस अधिकारियों ने की पैदल गश्त

- सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में गहन निरीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला पुलिस हांसी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार शाम को 5 से 6 बजे तक थाना या चौकी क्षेत्रों में सभी पुलिस थाना व चौकी प्रभारियों ने पुलिस के कर्मचारियों के साथ पैदल गश्त की गई।

पैदल गश्त का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पुलिस की क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति को दर्शाना तथा अपराधों पर नियंत्रण बनाए रखना था। पैदल गश्त के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के मुख्य बाजारों, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में गहन निरीक्षण किया।



**हांसी।** शहर के मुख्य बाजार में पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स। *फोटो: हरिभूमि*

# छात्रों पर हिंसा करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हिंसा करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक को मांगपत्र सौंपा है।

अभाविप ने पुलिस अधीक्षक को मांगपत्र सौंपकर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों पर हिंसा करने वाले आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायिक जांच की मांग की। आरोपियों के ऊपर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अब तक गिरफ्तारी न होने से छात्रों में काफी रोष व्याप्त है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा के प्रांत मंत्री राहुल वर्मा ने कहा कि अभाविप हमेशा विद्यार्थियों के हित में कार्य करता है। उन्होंने आरोपियों के ऊपर कार्यवाही न होने से लगातार विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।



**हिसार।** आंदोलनकारी विद्यार्थियों को संबोधित करते जजपा नेता दिग्विजय चौटाला।

# तीन कॉलोनियों के लोगों को सरकारी नोटिस

- डाबडा माइनर के ऊपर प्रस्तावित सड़क बनाने का मामला
- नोटिसों के विरुद्ध विधायक रणधीर से मिले क्षेत्र वासी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रदेश सरकार द्वारा डाबडा माइनर के ऊपर सड़क बनाने का काम जल्द शुरु होने के कारण विभाग व प्रशासन की ओर से फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर और लाजपत नगर वासियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

इसके बाद क्षेत्र वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल नलवा के विधायक रणधीर पनिहार से उनके निवास पर मिला व उन्हें पूरी घटना से अवगत करवाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद राजेश अरोड़ा, रामकुमार गोदारा, कृष्ण कुमार, दीपक गौतम, जगदीश सपड़ा, अनिल गर्ग, सुरेश गर्ग, उल्हास शर्मा, संदीप शर्मा, सुशील लेगा, सचिन चुघ सहित अन्य लोग भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पार्षद राजेश अरोड़ा, दीपक गौतम आदि ने बताया कि उन्हें जो नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें कहा गया है कि डाबडा माइनर के ऊपर सड़क बनाने का काम शुरु किया जाना है। इस कारण आप सब अपना कब्जा हटा लें। क्षेत्र वासियों ने विधायक को बताया कि जबकि सच्चाई यह है कि जवाहर नगर और फ्रेंड्स कॉलोनी के सभी निवासी अपने-अपने अलॉटमेंट लेटर और रजिस्ट्री एरिया में काबिज है।



**हिसार।** पार्षद राजेश अरोड़ा के साथ विधायक रणधीर पनिहार को ज्ञापन देते फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर व लाजपत नगर के निवासी।

### आश्वासन दिया

कॉलोनी वासियों ने निवेदन किया कि उनकी 60 वर्षों से अधिक समय से रजिस्ट्री और अलॉटमेंट लेटर हैं। सरकारी कागजों व रिकार्ड के अनुसार उनकी सही तरीके से पैमाइश की जाए। फालतू जगह पर सरकारी कार्रवाई के लिए सभी पूर्णतः सहमत हैं। विधायक रणधीर पनिहार ने उन्हें पूरा आश्वासन दिया है।

# अग्रसेन मार्केट बंद करने की चेतावनी

- शराब ठेका खुलने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट में खुले शराब के ठेके को हटवाने के लिए शुक्रवार को मार्केट एसोसिएशन के साथ समाजसेवी अशोक मंगालीवाला की टीम धरना स्थल पर बैठी। अशोक मंगालीवाला ने फोन पर ठेका हटाने के लिए पूर्ण समर्थन का वादा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा अग्रवाल समाज के लिए पूजनीय है। उसकी गरिमा को किसी भी कीमत पर ठेस नहीं पहुंचने देंगे।

मार्केट के प्रधान श्रीराम राजलीवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर गुरु जंबेश्वर पुस्तकालय से 20 मीटर की दूरी पर बिल्कुल सामने शराब का ठेका खोला जाने से छात्राओं की पढ़ाई व सुरक्षा का मामला खड़ा हो गया है। धरने पर बैठे दुकानदार प्रेम बंसल, डॉ. विनोद राजलीवाला, राजकुमार ने कहा कि हमारा यह आंदोलन धीरे धीरे तेज होता जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ेगी तो मार्केट को बंद भी किया जा सकता है।



**हिसार।** शराब ठेके के विरोध में धरने देते दुकानदार। *फोटो: हरिभूमि*

# शिविर में 4644 शिकायतों का समाधान किया

- 6943 शिकायतें व मांग प्राप्त, जिनमें से 1518 शिकायतें विभागों ने की अस्वीकृत
- एडीसी ने लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश
- अधिकतर लंबित शिकायतें जिला विकास एवं पंचायत विभाग, सिंचाई, पुलिस, बिजली, राजस्व व शहरी स्थानीय निकाय संबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान 13 जून तक जिला हिसार में कुल 6943 शिकायतें व मांग प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1518 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई।

इसके अलावा बाकी 4669 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि 270 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। तथा 200 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई हैं।

शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा।

### ये रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि अधिकतर लंबित शिकायतें जिला विकास एवं पंचायत विभाग, सिंचाई, पुलिस, बिजली, राजस्व तथा शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित हैं। अतः इन विभागों के अधिकारी गंभीरता के साथ लंबित शिकायतों का निपटान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की पारदर्शी व जवाबदेह पहल : एडीसी

**हिसार।** ग्रामीण आंचल के निवासी सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल संचालित है। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है।

इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा।



## छात्राओं को अग्निवीर और ऑफिसर प्रवेश के बारे में किया जागरूक

**हिसार।** सेना भर्ती कार्यालय तृतीय एनसीसी गर्ल्स बटालियन में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर सेना भर्ती कार्यालय के सहायक भर्ती अधिकारी ने कैडेटों को अग्निवीर और ऑफिसर प्रवेश बारे छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 360 कैडेट छात्रों सहित स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अग्निवीर और ऑफिसर प्रवेश के प्रति युवाओं को जागरूक और आकर्षित करने के लिए सेना की ओर से आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। आउटरीच कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर एनसीसी कैडेटों एवं युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। सहायक भर्ती अधिकारी ने ने छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिये विभिन्न मूल्यों और पहलुओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने के लिए सहायक भर्ती अधिकारी के साथ विचार-विमर्श भी किए।

### पांच दिवसीय आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मकता सेमिनार शुरू

# बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें अध्यापक : गर्ग

- सेमिनार में करीब 170 अध्यापकों ने लिया भाग, मंडल आयुक्त अशोक गर्ग रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हिसार मंडल के आयुक्त अशोक गर्ग ने शुक्रवार को हिसार चुंगी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सेमिनार का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया भी मौजूद रही। सेमिनार में हांसी खंड प्रथम के विभिन्न स्कूलों के 130 तथा अन्य जिलों के 40 अध्यापकों ने भाग लिया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने मंडल आयुक्त अशोक गर्ग का स्वागत किया। इस अवसर उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए अशोक गर्ग ने कहा कि आप समाज के सबसे प्रबुद्ध लोगों की श्रेणी में आते हैं। अध्यापक बच्चों से सीधे रूप से जुड़े हुए होते हैं, और बच्चे राष्ट्र का भविष्य है, इसलिए सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों व नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान देते रहे। ऐसा करके अध्यापक हमेशा की तरह राष्ट्र के प्रति अपने फर्ज को बखूबी निभा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने अध्यापकों से संवाद स्थापित करते हुए पूछा कि राष्ट्र की बेहतरी के लिए और क्या किया जा सकता है।



**हांसी।** सेमिनार में उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हिसार मंडल आयुक्त अशोक गर्ग। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार, प्रधानाचार्य डॉ. मनोज छाबड़ा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, एफएलएन के जिला समन्वयक मनोज गर्ग, सुनील बिसला तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुनील कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी माढा तह. नारनौंद, जिला हिंसार बयान करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम सरोज देवी दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का नाम उनके सभी कागजात में सरोज कुमारी दर्ज चला आ रहा है। अब मै अपने पासपोर्ट में मेरी पत्नी सरोज कुमारी दुरुस्त दर्ज करवाना चाहता हूँ जो कि मेरी पत्नी का नाम मेरे पासपोर्ट में सरोज कुमारी दुरुस्त दर्ज किया जाना वाजिब है। भविष्य में मेरी पत्नी सरोज कुमारी के नाम जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री बारूराम निवासी गांव बालसमन्द, उपतहसील बालसमन्द, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अभिजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन कल

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 15 जून को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया जाएगा। इस संकीर्तन में गायक व श्रद्धालु भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले भक्तगण श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मन्नत मांगेगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया 15 जून को सायंकाल आयोजित होने वाले संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचेंगे और अपने इष्ट श्याम बाबा के समक्ष अर्जी लगाकर कष्टों के निवारण की कामना करेंगे।

### दो दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन आज से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 14 व 15 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय ध्यान शिविर की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि यह शिविर आत्म-सम्मोहन की कला पर आधारित होगा। यह शिविर आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव व चिंता को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। सकारात्मक सोच, बेहतर नींद और मानसिक शांति के लिए भी यह प्रभावी उपाय है। आत्म-सम्मोहन की कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे।

### गुरु दक्ष कॉलेज में मीठे पानी की छबील लगाई

**हिसार।** जनसेवा कल्याण भारत ट्रस्ट द्वारा गुरु दक्ष गवर्नमेंट कॉलेज में मीठे पानी की छबील आम जनता और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए लगाई गई जिसमें सैंकड़ों लोगों ने व विद्यार्थियों ने बड़ चढ़ कर भाग लेते हुए मीठा पानी पिया। कॉलेज के प्रिंसिपल सुनील गाबा का इसमें विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जनसेवा कल्याण भारत ट्रस्ट के संस्थापक योगेन्द्र कुमार, प्रधान गुलशन कथूरिया, महासचिव विजेंद्र खुंडिया, सतीश भुटानी, योगेश, प्रदीप जैन, सुनील कुमार, शुभराम, तरुण अरोड़ा, रवि सरदाना आदि मौजूद रहे।

### संत कबीर धानक उत्थान संगठन की हुई मीटिंग

**हांसी।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शुक्रवार को धानक समाज की हल्का संगठनात्मक कार्यकारिणी के गठन को लेकर संत कबीर धानक उत्थान संगठन की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष अमीर खरकड़ा ने की। मीटिंग में संगठन के द्वारा धानक समाज हल्का हांसी की सहमति से फैसला लिया कि हांसी में कबीर जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संत कबीर धानक उत्थान संगठन के महासचिव मंगत सिंह इन्दौरा मामनपुरा ने बताया कि जल्द ही हांसी में भी कबीर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**उकलाना।** खंड के गांव मुगलपुरा के ग्रामीण खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के सामने गली नंबर 745 की पैमाइश करवाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। पंच दीपक ने बताया कि 26 अप्रैल को समाधान शिविर में सरपंच के खिलाफ गबन एवं अन्य मामले को लेकर शिकायत दी गई थी।

### 9 जुलाई को धरने प्रदर्शन करके राष्ट्रीय हड़ताल सफल बनाने का आह्वान

# किसानों के कन्वेंशन में छात्रों पर हुए हमले की कड़े शब्दों में की निंदा

**कन्वेंशन में डीएपी यूरिया की किल्लत, सिंचाई और पीने के पानी की समस्या, हाई टेंशन पावर लाइन के मुआवजे की मांग उठी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। राज्य स्तरीय किसान कन्वेंशन में भाग लेते किसान नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा, हरियाणा की राज्य स्तरीय किसान कन्वेंशन शुक्रवार को जाट धर्मशाला में संपन्न हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान बलबीर सिंह ने की और स्वागत जिला प्रधान शमशेर नंबरदार ने किया। किसान कन्वेंशन में कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर किए गए हमले की निंदा की गई और सरकार से वीसी को तुरंत बर्खास्त कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने व छात्रों की तमाम मांगों को पूरा करने की मांग की गई। कन्वेंशन में 9 जुलाई को प्रदेश भर में जिला /तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय किया गया।

किसान सभा राज्य महासचिव सुमित दलाल ने बताया कि कन्वेंशन में डीएपी यूरिया की भारी किल्लत, सिंचाई और पीने के पानी की समस्या, हाई टेंशन पावर लाइन के उचित मुआवजे, भिवानी - दादरी समेत सभी जिलों का लंबित बीमा क्लेम जारी करवाने, सूखा राहत कोष पराली प्रबंधन का बकाया पैसा जारी करवाने समेत अन्य मुद्दों पर सभी जिलों में प्रदर्शनों का आह्वान किया है। इस अवसर पर किसान सभा के राष्ट्रीय वित्त सचिव पी कृष्णा प्रसाद, पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने प्रदेश के किसानों से किसानी मुद्दों के संघर्ष को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है। कन्वेंशन के बाद किसान सभा व कार्यकर्ताओं ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 4 पर आंदोलनरत छात्रों के धरने पर जाकर उनके आंदोलन का समर्थन किया और राज्य प्रधान ने छात्रों को संबोधित किया। कन्वेंशन में सभी जिलों के मुख्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। नगर निगम की बिल्डिंग में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### 5 कर्मचारी बैठेंगे आमरण अनशन पर

**हिसार।** नगरपालिका संघ इकाई हिसार द्वारा शुक्रवार को दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। इसकी अध्यक्षता राजपाल सचिव द्वारा की गई। मंच संचालन सुरेन्द वर्मा ने किया और दोपहर बाद आधे दिन की टूल डाउन हड़ताल भी की गई। संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि आयुक्त नगर निगम हिसार के द्वारा कर्मचारियों की अनदेखी निरंतर जारी है। नगर निगम कार्यालय के मुख्य सड़क पर कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम की गाड़ी बाहर नहीं जाने दी। इसके कारण नगर निगम आयुक्त नीरज को पैदल ही जाना पड़ा। नगरपालिका संघ इकाई के प्रधान सुरेन्द्र उर्फ गोलू ने कहा कि नगर निगम आयुक्त की प्रशासनिक कार्यप्रणाली बड़ी विचित्र है। प्रधान सुरेन्द्र ने कहा कि जब तक नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों की मांग नहीं मानता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार से 5 कर्मचारी नगर निगम प्रांगण में आमरण अनशन पर बैठेंगे। जिसमें यूनियन के सदस्यों के साथ-साथ कर्मचारी होंगे। इस दौरान यूनियन सचिव अनिल डोली, संगठन सचिव विजेन्द्र जागलान, पूर्व प्रधान राजेश बागडी, वरिष्ठ उप-प्रधान धर्मपाल, उप-प्रधान सागर, मनदीप, शन्नी, सुनील लाडवा सहित सफाई कर्मचारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

# पतंजलि का योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कल से



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी।

- पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित शिविर 29 तक चलेगा
- योग हमारे ऋषि मुनियों की पावन परंपरा की लाखों वर्ष पुरानी सर्वोत्तम विद्या : वीरेंद्र बडाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

पतंजलि योग समिति की ओर से 15 से 29 जून तक सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एवं बाल संस्कार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह पांच बजे से सात बजे तक जाट कॉलेज मैदान में होगा।

पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी वीरेन्द्र बड़ाला ने सावंत अस्पताल स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में यह विशेष सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एवं बाल संस्कार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुख्य विशेषताओं के तौर पर योग शिक्षक प्रशिक्षण, भविष्य के प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, बाल संस्कार शिविर प्रतिदिन सांय 6:00 से 7:00 बजे तक, बच्चों के चारित्रिक निर्माण व स्वास्थ्य विकास के लिए लगाए जाएंगे। उन्होंने योग विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की पावन परंपरा की लाखों वर्ष पुरानी सर्वोत्तम विद्या है, जिसके बल पर व्यक्ति को जीवन जीना आता है परंतु कालांतर में यह योग विद्या लुप्तप्राय सी हो गई थी। प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने इस वर्ष प्रेरणा थीम 2025 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर कहा कि योग केवल शरीर को नहीं, बल्कि पर्यावरण, समाज और आत्मा को भी संतुलन में लाता है। उन्होंने अपनी चार लाइनों की रचना में संदेश दिया कि योग करें, तन-मन साधें, प्रकृति संग जीवन बांधे, एक धरती, स्वास्थ्य महान, योग बने जीवन की जान। इस अवसर पर डॉ. सत्या सावंत, अजय ऐलावादी, सुरेंद्र हिन्दुस्तानी, जीसी नारंग, बलराज मलिक, कविता शर्मा, चन्द्र सिंह, संजीव शर्मा, नरेन्द्र आजाद नगर, मा. राजबीर सिंह, वंशिका व अभिषेक सोलंकी भी मौजूद रहे।

### विमान दुर्घटना बहुत ही दुःखद व ह्रदय

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अहमदाबार विमान दुर्घटना को अत्यंत दुखद, ह्रदय विदारक और देश को झकझोर देने वाली घटना बताया है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विमान आवासीय क्षेत्र में गिरा, जिससे कई निर्दोष नागरिकों और यात्रियों की अनमोल जान चली गई। उन्होंने कहा कि यद्यपि विमान दुर्घटनाएं पूर्व में भी हुई हैं, किंतु इतने बड़े स्तर की त्रासदी बहुत लंबे समय बाद देखने को मिली है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि हादसे के कारणों पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। संबंधित जांच एजेंसियां अपने कार्य में लगी हैं। उन्होंने इस दुखद दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी विमान यात्रियों, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, स्टाफ

# भूमि आश्रम में स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. सपना ने बुजुर्गों की जांच की

- लोगों की स्किन की जांच कर उन्हें दवाइयां प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

न्यू अनाज मंडी में पुलिस चौकी के सामने बने भूमि आश्रम में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। आश्रम के संचालक मुकेश जांगड़ा ने बताया कि स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. सपना ने कैंप में अपनी सेवाएं देते हुए आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों व अन्य लोगों की स्किन की जांच कर उन्हें दवाईयां प्रदान की।

डॉ. सपना ने आश्रम का दौरा कर कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतना अच्छा व साफ-सुथरा आश्रम देखा है। उन्होंने भूमि आश्रम की टीम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी उनकी कभी आश्रम के सेवा कार्यों के लिये जरुरत हो तो वे सदैव तैयार रहेंगी। आश्रम संचालक मुकेश जांगड़ा ने कैंप में सेवाएं देने के लिये डॉ. सपना का आभार प्रकट किया।



हिसार। भूमि आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की जांच करते डॉ. सपना। फोटो : हरिभूमि

### तिथि बढ़ा देना ही समस्या का समाधान नहीं : नरेश

**हिसार।** आरटीआई एक्टिविस्ट नरेश गुणपाल ने कहा है कि सरल पोर्टल के लगातार कई दिनों से ठप्प होने के कारण हर वर्ग परेशान है। नरेश गुणपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के फॉर्म के आवेदन के लिए मात्र 48 घंटे बढ़ाना कोई समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य अनुसूचित जाति, वंचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, अन्य पिछड़ी जाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बेरोजगार युवा एवं विद्यार्थी सब के सब पोर्टल के जाल में फसे हुए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की ओर देखते हुए सरल पोर्टल में सुधार करना चाहिए।

# हिसार बार ने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के बार रूम में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन, हिसार के प्रधान संदीप बूरा ने की। सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की।

बार सचिव समीर भाटिया ने इस दुखद घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि अहमदाबाद विमान हादसा दिल को झकझोर देने वाला हादसा है। इस त्रासदी में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, हम सब उनके साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें इस दुख को सहने की शक्ति दे।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के उपप्रधान विकास पुनिया, सचिव समीर भाटिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव सहित अन्य अधिवक्तागण संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



हिसार। अहमदाबाद विमान हादसे पर शोक व्यक्त करते हिसार बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

# विधायक चंद्रप्रकाश ने छात्र-छात्राओं की लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर

विधायक चंद्रप्रकाश ने गांव फ्रांसी में लडक़ों व लड़कियों की दो लाइब्रेरी का उदघाटन किया और इन लाइब्रेरी में आधारभूत साधन उपलब्ध करवाए। उन्होंने कुर्सियां, मेज, सीलिंग फैन, एग्जास्ट फैन, स्टेबलाइजर व पर्दे आदि भेंट किए। ग्रामवासियों ने विधायक चंद्रप्रकाश का जोरदार स्वागत किया और लाइब्रेरी में एक हॉल कमरे का निर्माण करवाने की अपील की। गांववासियों की मांग को देखते हुए चंद्रप्रकाश ने इस निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने के लिए आश्वस्त किया। गांव फ्रांसी में ही राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व किसानों ने चंद्रप्रकाश से मुलाकात करके अपनी मांगों संबंधी ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष. सतबीर सिंह व अन्य सदस्यों ने बताया कि आदमपुर में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। इसलिए किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में धान की बिजाई करनी है। किसानों ने स्पष्ट किया कि पानी की कमी के कारण पिछले कुछ समय में नरमा की बिजाई भी नहीं हो सकी। विधायक चंद्रप्रकाश ने किसानों के ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वे किसानों को डीएपी खाद व पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत हैं।



आदमपुर। फ्रांसी में लाइब्रेरी का उद्घाटन करते विधायक चंद्रप्रकाश।

### छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए

**नारनौंद।** आईटीआई माजरा के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पुलिस की ओर से साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। कम्यूनिटिंग पुलिस इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है। पिन डालते ही पैमेंट रिक्वेस्ट अपने आप स्वीकृत हो जाएगी।

# राजकीय आईटीआई राखी शाहपुर में योग शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देशन में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा शुक्रवार को आईटीआई राखीशाह पुर के प्रांगण में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आईटीआई के छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक सोमबीर व अंग्रेज ने योग प्रोटोकॉल 2025 के अनुसार विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का प्रदर्शन किया और छात्रों को योग के महत्व के बारे में बताया। बच्चों और योग प्रशिक्षण टीम द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य रमेश नायक,भाजपा नेता नरेश वर्मा, सतबीर चौहान व संस्थान के सभी कर्मचारी व सभी छात्र मौजूद रहे।



नारनौंद। राखी शाहपुर आईटीआई में योग करते ग्रामीण।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की के पथ पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



नेहा धवन।

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नेहा धवन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने 11वां साल पूरे कर लिए हैं। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी व कल्याणकारी योजनाएं लागू करके देश को नई दिशा दी है। नेहा धवन ने कहा कि इस मौके पर केन्द्र सरकार के 11 कड़े और बड़े फैसलों की बात करना जरूरी है, जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था कि लिए जा सकते हैं। फैसले जो मील का पत्थर बने, इन 11 वर्षों की यात्रा में कई पड़ाव आए मत, बहुमत, अल्पमत, सर्वमत का सियासी गुणा भाग भी हुआ, पर इन बदलती परिस्थितियों में भी नरेंद्र मोदी का फैसले लेने का अंदाज नहीं बदला।

नेहा धवन ने कहा कि भारत के लिए लोकल से वोकल का सफर तय करना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी साख बनाना था। ऑपरेशन सिंदूर हमेशा आत्मनिर्भर भारत की गवाही देता रहेगा। आज दुनिया भारत के डिफेंस इकोसिस्टम की चर्चा कर रही है। हमारी सेनाओं का मेक इन इंडिया पर भरोसा है।

### विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह : प्रो. बिश्नोई

# गुजवि में दाखिले की तिथि बढ़ाकर 19 की

- अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले की तिथि बढ़ाकर 19 की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 12 से बढ़ाकर 19 जून कर दी गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सिज में दाखिले के लिए अब इच्छुक उम्मीदवार 19 जून तक आवेदन कर सकते हैं।



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विद्यार्थियों में दाखिलों के प्रति जबरदस्त उत्साह है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। विद्यार्थी संगठन गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले तथा उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से दाखिलों में आवेदन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की। विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पहले से संचालित व नए शुरु किए गए सभी कोर्स उद्योग और बाजार की वर्तमान मांग के अनुरूप हैं। सभी कोर्स रोजगारोन्मुखी हैं तथा सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन में अपडेट या सुधार करने की अंतिम तिथि 20 कुलपति ने बताया कि नेट बेंकिंग या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड आदि से फीस जमा करने की अंतिम तिथि 19 जून है। इसी दिन 19 जून को ही ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है। ऑनलाइन आवेदन में अपडेट या सुधार करने की अंतिम तिथि 20 जून है। 23 जून को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध होंगे। खेल व एनएसएस के टेंटेटिव वेटेज अंक 23 जून को वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिए जाएंगे तथा 24 जून तक उम्मीदवार ई-मेल से खेल व एनएसएस के टेंटेटिव वेटेज अंकों के बारे में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

मार्केट न्यूज

### तनिष्क का आज तक का सबसे बड़ा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर



**हिसार।** सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर, भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क ने बहुत ही बेहतरीन, आश्चर्यजनक गोल्ड एक्सचेंज ऑफर की घोषणा की है, जिसमें ग्राहकों को एक्सचेंज किए गए पुराने सोने पर 2 कैरेट तक अतिरिक्त मूल्य पाने का अवसर मिलेगा। तनिष्क हिसार स्टोर मैनेजर ने बताया कि ऑफर उपलब्ध में गहने एक्सचेंज करें और पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा । 30 जून 2025 तक चलने वाले इस सीमित अवधि के ऑफर में सोने के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइए 1 कैरेट अतिरिक्त हीरों के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइए 2 कैरेट अतिरिक्त। उदाहरण के तौर पर, अगर आप नया प्लेन सोने का आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना = 21 कैरेट और नया स्टडेड डायमंड आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 22 कैरेट बन जाएगा। आपको एक्सचेंज किए गए हर कैरेट के बदले मिलेगा अधिक मूल्य। यह ऑफर केवल नॉन-तनिष्क ज्वैलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर लागू है। ग्राहकों को आधुनिक, बहुत ही बेहतरीन और शानदार तनिष्क आभूषणों में अपग्रेड करते हुए अधिकतम मूल्य पाने में मदद करना इसका उद्देश्य है।